Reg. No. : ....................................

Name : ..........................................

**FY-405**

**FIRST YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH 2023**

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें।

**सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें।** **(5 × 1 = 5)**

1. 'हेमा' किस कहानी की पात्र है ?

   (दुख, कहना नहीं आता, जुलूस)

2. अंधकार का जलधि लाँघकर कौन आवेंगी ?

   (तारे, शशि-किरनें, बिजली)

3. 'अपराध' किस विधा की रचना है ?

   (निबंध, कविता, कहानी)

4. 'कहना नहीं आता' किसकी रचना है ?

(पवन करण, सुकेश साहनी, यशपाल)

5. संभ्रांत महिला रेलगाड़ी से बाहर क्या फेंकती जा रही थी ?

(फल-फूल के बीज, खाना, पानी)

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

पत्थर की बेंच

जिसपर अंकित हैं आँसू, थकान

विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ

इस पत्थर की बेंच के लिए भी

शुरू हो सकता है किसी दिन

हत्याओं का सिलसिला

6. 'सिलसिला' का समानार्थी शब्द कौन-सा है ?

(परंपरा, बीमारी, गरीबी) **(1)**

7. पत्थर की बेंच पर क्या-क्या अंकित है ? **(2)**

8. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें। **(6)**

**सूचना : 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें।** **(2 × 2 = 4)**

9. रिक्शेवाले की आवाज़ में गहरी उदासी क्यों थी ?

10. 'आनंद की फुलझड़ियाँ' निबंध का यह कथन कौन किससे कहता है

'मैं फल नहीं खा सकता तो क्या हुआ बेटा तुम तो खा सकोगे। मेरे-तुम्हारे नाती-पोते तो खाएँगे ?

11. "सिहर भरी कँपती आवेंगी

मलयानिल की लहरें" –

मलयानिल की लहरें कैसे आवेंगी ?

**सूचना : 12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** **(3 × 4 = 12)**

12. जीवन-वृत्त पढ़ें और रामधारीसिंह 'दिनकर' के बारे में एक अनुच्छेद लिखें :

| | | **जीवन-वृत्त** |
|---|---|---|
| जन्म | : | 23 सितंबर, 1908 |
| जन्मस्थान | : | सिमरिया, बिहार |
| प्रमुख रचनाएँ | : | कुरुक्षेत्र, उर्वशी, रश्मिरथी, संस्कृति के चार अध्याय |
| विशेषता | : | जनचेतना के वाहक |
| मृत्यु | : | 24 अप्रैल, 1974 |

13. दोहे का भावार्थ लिखें।

कामी, क्रोधी, लालची, इनते भक्ति न होय।

भक्ति करै कोइ सूरमा, जाति बरन कुल खोय ।।

14. ये कथन पढ़ें और इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

- आप अपने सवारों, संगीनों और बंदूकों के ज़ोर से हमें रोकना चाहते हैं – रोक लीजिए ! मगर आप हमें लौटा नहीं सकते।
- जिस दिन हम लक्ष्य पर पहुँच जाएँगे उसी दिन स्वराज्य सूर्य का उदय होगा।

15. सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| बड़ा भाई | दुबला, पतला, कमज़ोर, चिड़चिड़ा |
| छोटा भाई | खून देखकर डरकर रोनेवाली |
| पिता | अपाहिज होने पर भी अच्छा तैराक |
| माँ | क्रोध में आकर पीटनेवाला |

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**

अमेरिका के प्रेसीडेंट बेंजमिन फ्रैंकलिन के बारे में एक सुंदर बात सुनी जाती है – उनके पास एक गरीब विद्‌यार्थी मदद माँगने के लिए आया। उसे उन्होंने 20 डॉलर दिए। वे तो यह छोटी रकम देकर भूल गए। लेकिन वह विद्‌यार्थी इस उपकार को न भूला। जब उसके दिन फिरे तब यह 20 डॉलर लौटाने के लिए फ्रैंकलीन के पास गया। फ्रैंकलीन ने कहा, "मुझे याद तो नहीं है कि मैंने यह रकम आपको कब दी। लेकिन खैर, आप इसे अपने ही पास रखिए और जब आपके पास कोई ऐसा ही जरूरतमंद आए तो उसे यह दे दीजिए।"

16. बेंजमिन फ्रैंकलीन के पास मदद माँगने के लिए कौन आया और उन्होंने उसे क्या दिया ? **(2)**

17. खंड का संक्षेपण करें। **(6)**

**सूचना : 18 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।** **(3 × 6 = 18)**

18. 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्कूल में भाषण प्रतियोगिता हो रही है । विषय है – 'वन नहीं तो जीवन नहीं' । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

19. असलम के संबंध में यात्री और उसके ऑफिस के मित्र के बीच की बातचीत लिखें ।

- असलम के साथ यात्रा करना
- असलम से उनका व्यवहार
- मृत्यु की खबर

20. अंग्रेज़ी संवाद का हिन्दी में अनुवाद करें ।

Ram : May I come in Teacher ?

Teacher : Yes, where were you yesterday ?

Ram : My mother was ill. I went with her to the hospital.

Teacher : How is she now ?

Ram : Now she is all right.

Teacher : Okay

(Hospital : अस्पताल, ill- बीमार)

21. 'तो इस अपराध के लिए मुझे क्षमा कौन कर सकता है' – पश्चात्तापग्रस्त छोटा भाई अपनी डायरी लिखता है । वह डायरी लिखें ।

- खेल में घायल होना
- घर में झूठ बोलना
- बड़े भाई को दण्ड मिलना

22. "जी हाँ, मैनेजर साहब ने भी इस बारे में मेरी तारीफ़ की है, हाईस्कूल में मुझे हस्तलिपि के लिए पहला पारितोषिक भी मिला था।"

बैंक का क्लर्क इस घटना को अपने आत्मकथांश में लिखता है। वह लिखें।

- बैंक में क्लर्क का नीरस काम
- लेखक के मुख से तारीफ सुनना
- प्रसन्न हो जाना

23. सही मिलान करें। **(1 × 8 = 8)**

| | | |
|---|---|---|
| File | – | संकेत |
| Output | – | प्रस्थान |
| Public | – | संचिका |
| Sign out | – | बहिर्पात |
| Symbol | – | सार्वजनिक |
| Spam | – | सहेजें |
| Resource | – | अनचाहा |
| Save | – | संसाधन |

**सूचना : 24 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें।** **(2 × 8 = 16)**

24. बाज़ार में हाल ही में नए मॉडल का पेंसिल आया है। इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार करें।

- सुंदर लिखावट
- विभिन्न रंगों में
- पाँच खरीदने पर एक मुफ्त

25. किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा करें ।

- फिल्म का सार
- पटकथा, संवाद छायांकन
- पात्रों का अभिनय
- निर्देशक की भूमिका

26. बालश्रम देश की प्रगति के लिए बाधा है । बालश्रम को रोकने के लिए सरकार द्वारा की गई कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए सार्वजनिक सूचना अधिकारी, रोज़गार मंत्रालय, नई दिल्ली के नाम एक सूचना अधिकार पत्र लिखें ।

examWINNER®